


## डॉ. सच्चिदानन्द स्नेही

जन्म : 21 जुलाई, 1982 (मालपुरा, जिला टोंक, राजस्थान, पिन-304 502)

पिता : श्री रामस्वरूप साहू

माता : श्रीमती गीता देवी

शिक्षा : सर्वदर्शनाचार्य, एम.ए. (संस्कृत), पीएच. डी.

शोध-पत्र : राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की विभिन्न शोध-पत्रिकाओं एवं पुस्तकों में दो दर्जन से अधिक शोध पत्र प्रकाशित

पत्र-वाचन : राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठियों, सम्मेलनों में 50 से अधिक शोध-पत्रों का वाचन एवं एक दर्जन से अधिक शैक्षणिक कार्यक्रमों का समन्वय

सम्प्रति : सहाचार्य, न्यायदर्शन विभाग, केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, श्रीरघुनाथ कीर्ति परिसर, देवप्रयाग, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखंड-249301

दूरभाष : 09534581280/7979882977

ई-मेल : sachchidanandsnehi@gmail.com



॥ सर्वस्य लोचनं शास्त्रम् ॥
वैदिक पब्लिशर्स
Vedic Publishers

**वैदिक पब्लिशर्स**

छत्तरपुर, नयी दिल्ली-110 068 (भारत)

दूरभाष : 09654669293

ई-मेल : vedicpublishers@gmail.com

फेसबुक : https://www.facebook.com/vedicpublishers

ISBN 978-81-525-7049-7

₹1100


वैदिक पब्लिशर्स
Vedic Publishers

न्यायनिबन्धसङ्ग्रहः

सं. डॉ. सच्चिदानन्दस्नेही:

1

# न्यायनिबन्धसङ्ग्रहः

## [प्रथमो भागः]

सम्पादकः

**डॉ. सच्चिदानन्दस्नेहीः**

॥ सर्वस्य लोचनं शास्त्रम् ॥
वैदिक पब्लिशर्स
Vedic Publishers

# व्याकरणमते व्यापारमुख्यविशेष्यकशाब्दबोधविचारः

**डॉ. नरेशकुमार बैरवा**

**न सोऽस्ति प्रत्ययो लोके यः शब्दानुगमादृते।**
**अनुविद्धमिवज्ञानं सर्वं शब्देन भाषते।।**

वाक्यपदीयकारिकानुसारं जगत्यस्मिन् सर्वं शब्देन एव भाषते। कस्मिंश्चित् पदे वाक्ये वा अन्वयार्थबोधः शाब्दबोध इत्युच्यते। शाब्दबोधस्य कृते पदज्ञानम्, पदार्थज्ञानम्, शक्तिज्ञानं च आवश्यकम्। कारिवल्यामुक्तं यत्–

**पदज्ञानन्तु करणं द्वारं तत्र पदार्थधीः।**
**शाब्दबोधः फलं यत्र शक्तिधीः सहकारिणी।।**

लोके शब्दशक्तिग्रहवता केनचिद् उत्तमवृद्धेन मध्यमवृद्धमुपदिश्य घटमानय इत्युक्ते घटानयनप्रवृत्तं तं बुद्धया अगृहीतशक्तिकः तटस्थः कश्चिदस्य वाक्यस्य कम्बुग्रीवादिमद् वस्त्वायनम् अर्थ इति प्राक् प्रतिपाद्यते, तदनु घटं नय, पटमानय इत्यादौ वाक्ये अन्वयव्यतिरेकाभ्यां घट शब्दस्य कम्बुग्रीवादिमान् अर्थ आनयनशब्दस्याहरणमर्थ वर्तते। इत्यवधारतीत्ययमेव बोधः शाब्दबोधोऽपि कथ्यते। स च 'सर्वं वाक्यं क्रियया परिसमाप्यते' इति न्यायेन अस्त्यादिसमभिव्याहारेणैव भवति। एवञ्च सर्वो हि बोधो यत्किञ्चिद् विशेष्यकः क्रियासमभिव्याहृतश्चेति राद्धान्तितो नयस्तत्र व्यापारमुख्यविशेष्यक उतान्यविशेष्यक इति चेदुच्यते–"फलानुकूलो यत्नसहितो व्यापारो धात्वर्थः", फलत्वञ्च तद्धात्वर्थजन्यत्वे सति कर्तृप्रत्ययसमभिव्याहारे तद्धात्वर्थनिष्ठविशेष्यता-निरूपितप्रकारतावत्त्वम्। व्यापारत्वं च धात्वर्थफलजनकत्वे सति धातुवाच्यम्। अनुकूलत्वं नाम संसर्गः। अनुकूलत्वं च फलनिष्ठजन्यतानिरूपितजनकत्वम्।

"लः कर्मणि च भावे चाकर्मकेभ्यः" इति सूत्रेण लकाराणां शक्तिबोधनेऽपि बोधकता रूपा या शक्ति सा तिक्ष्वेव अत–उक्तम्- "आश्रयतुतिङः स्मृताः" इति। तिङर्थस्तु कर्तृकर्मसंख्याकालाः तत्राधाराधेयभावसम्बन्धेन कर्तृकर्मणी फलव्यापारयोर्विशेषणे, संख्या च कर्तृप्रत्यये कर्तरि, कर्मप्रत्यये कर्मणि विशेषणं समानप्रत्ययोपात्तत्वात्। समानप्रत्ययोपात्तत्वं च एकप्रत्ययजन्यो-पस्थितिविषयत्वम्। एतेन समानाभिधानश्रुतेः वाक्यापेक्षया बलवत्त्वात् समानपदोपात्तान्वयित्वं विहाय प्रथमान्तार्थे अन्वयोऽनुचित इत्युच्यते।

कालस्तु व्यापारे विशेषणम्। एवञ्च तिङर्थो विशेषणमेव, व्यापारः प्रधानम्। अत्र यद्यपि "प्रकृतिप्रत्ययार्थयोः सहार्थत्वे प्रत्ययार्थस्यैव प्राधान्यम्" इति न्यायेन धात्वर्थव्यापारस्य तिङर्थे विशेषणत्वं वक्तुं शक्यते। पाचक, औपगव इत्यादिषु प्रकृत्यर्थस्य प्रत्ययार्थे विशेषणत्वात् तथापि



"भावप्रधानमाख्यातं सत्त्वप्रधानानि नामानि " इति यास्कवचनप्रामाण्याद् भावनाप्राधान्यमेव, तेन आख्याते ( तिङन्ते) क्रियाया एव प्राधान्यं शब्दबोधेन प्रत्ययार्थस्य।

न च भावप्रधानम् इत्यत्र षष्ठीतत्पुरुषाश्रयणेन प्रत्ययार्थप्राधान्यबोधकमेव नैरुक्तं प्रतिपादितम्। "आख्यातमाख्यातेन क्रियासातत्ये" इति पाणिनिसूत्रे आख्यातपदेन तिङन्तस्यैव ग्रहणम्। तस्मादपि आख्यातं तिङन्तमेव एवञ्च भावप्रधानम् इत्यत्र बहुव्रीहेरेव सम्भवात्। एवञ्च पचतीत्यत्रैकाश्रयिका पाकानुकूला भावना पच्यतेत्यत्रैकाश्रया या विक्लित्तिस्तदनुकूला। भावनेति बोधः पर्यवसितः। भावना अपरपर्यायो व्यापार इति।

## शाब्दबोधवाक्यस्य रचना पद्धतिः-

शब्दात् आगतः बोधः शाब्दबोधः। अर्थात् शब्दे श्रुते सम्बन्धयुक्तस्य शब्दार्थस्य यो बोधः स शाब्दबोधः। तत्र यस्य वाक्यस्य शाब्दबोधः कर्तव्यः, तस्मिन् वाक्ये ये ये शब्दार्थाः भवन्ति। तदनु तेषां शब्दार्थानां परस्परं विशेष्यविशेषणभावसम्बन्धो भवति। स च विशेष्यविशेषणभावः केनचित् सम्बन्धेन भवति, अतः सः सः सम्बन्धः अन्वेषणीयो वर्तते। सम्बन्धश्च अनुयोगिनि विद्यमानो ग्राह्यः। यथा- चौत्रः तण्डुलं पचतीत्यादौ वाक्ये शाब्दबोधो जायते यत्-चौत्राभिन्नैकत्वविशिष्टाश्रयवृत्तिः तण्डुलाभिन्नैकत्वविशिष्टाश्रयवृत्तिविक्लित्त्यनुकूलः वर्तमानकालिकावच्छिन्नो व्यापारः शाब्दबोधो जायते। अत्र प्रकृतिं प्रत्ययं च पृथक्कुर्मः चेत् षट् शब्दाः भवन्ति। तद्यथा- चौत्र सु, तण्डुल अम्, पच् ति इति। अत एव परमलघुमञ्जूषायाम् आचार्यनागेशेन मूले प्रोक्तम्- "भावप्रधानमाख्यातं सत्त्वप्रधानानि नामानि" इति निरुक्तोक्तेर्व्यापारविशेष्यको बोधः। तत्र तिङ्वाच्यं संख्याविशिष्टकारकम्, कालश्च व्यापारविशेषणमिति।

एवम्प्रकारेण देवदत्त ओदनं पचतीति वाक्यस्यापि शाब्दबोधः क्रियते–देवदत्ताभिन्नैककर्तृक ओदनकर्मक वर्तमानकालिको व्यापारः बोधो जायते।

शाब्दबोध अनुकूलत्वादिपरपदार्थः कुत आयात इति न वक्तुं शक्यते। इहात्मनि ज्ञानमिहाकाशे शब्द इत्यत्र बुद्धिरुत्पाद्यमाना न विना सम्बन्धम् उत्पत्तमर्हति तेनानुमीयतेऽस्ति कश्चित्सम्बन्धः शाब्दबोधे इति नियमात् भवति। इदमेवाभिप्रेत्य आह–श्रीमद्गदाधरभट्टाचार्यः व्युत्पत्तिवादनामकग्रन्थे भणितवान् यत्- "शाब्दबोधे चौकपदार्थेऽपरपदार्थस्य संसर्गः संसर्गमर्यादया भासते।" इति। अतः वैयाकरणाः व्यापारमुख्यविशेष्यकं शाब्दबोधं स्वीकुर्वन्ति।

अत एव "पश्य मृगो धावति" इति वाक्यस्य प्रामाण्यं संगच्छते। वाक्येऽस्मिन् मृगकर्तृकधावनकर्मकं धावनं दृशि क्रियायाः कर्मप्रधानं दृशिक्रियैव। तथा च मृगकर्तृकधावनकर्मकं प्रेरणीविषयीभूतं त्वत्कर्तृकं दर्शनमिति बोधो जायते। तत्र मृगो धावतीत्यत्र विशेष्यभूतधावनरूपार्थवाचकस्य धावतीत्यस्य प्रातिपदिकत्वाभावात् न द्वितीया स्यात्, कर्मत्वं तु संसर्गमर्यादया भासते इति तत्त्वम्।

प्रथमान्तार्थमुख्यविशेष्यकशाब्दबोधवादिनां नैयायिकानां मते तु अन्यदेश-संयोगानुकूलकृतिमन्मृगकर्तृकं प्रेरणाविषयीभूतं यद्दर्शनं तदनुकूलं कृतिमांस्त्वमिति बोधो भवति। तत्र विशेष्यभूतार्थवाचकमृगशब्दस्य प्रातिपदिकत्वाद् दृशिक्रियाकर्मकत्वाच्च द्वितीयापत्तौ धावन्तं मृगं पश्य इतिवत् पश्य मृगं धावतीत्यापत्तिः।

अप्रथमासमानाधिकरण्येन शतृप्रत्ययस्य प्रसंगे तु पश्य मृगो धावति इतिप्रयोगविषयापत्तिश्च स्यात्। किञ्च नैयायिकमते धावति मृग इत्यत्रोभयोः कर्मत्वे धावतीत्यस्य प्रातिपदिकत्वाभावाद् विशेषणत्वेनान्यत्र निराकाङ्क्षत्वाच्च द्वितीयोत्पत्त्यभावेऽपि मृगशब्दाद् द्वितीया दुर्वारैव।

वैयाकरणमते तु क्रियाविशेषणत्वेनेतरार्थनिराकाङ्क्षत्वात् मृगशब्दान्न द्वितीया।

अत्र मृगो धावति तं पश्येति तत्पदाध्याहारे तु वाक्यभेदप्रसंगः उत्कटधावनक्रिया विशेष्यैव दर्शनकर्मतयाऽन्वयस्य प्रतिपादयिषितस्याभावप्रसंगाद् भाष्यसिद्धैकवाक्यता अभावप्रसंगश्च। एवञ्च भावनाप्रकारकबोधं प्रति प्रथमान्तपदजन्योपस्थितिः कारण मन्यते नैयायिकैः। तैरुक्तकार्यकारणभावं परित्यज्य आख्यातार्थकर्तृप्रकारकबोधं प्रति धातुजन्योपस्थितिः भावनात्वावच्छिन्नविषयतया कारणमिति कार्यकारणभावो द्रष्टव्यः। एवं भावना प्रकारकबोधं प्रति तु कृज्जन्योपस्थितिवद् धात्वर्थभावनोपस्थितिरपि हेतुः।

ननु विशिष्टार्थवाचकस्य धावति मृग इति वाक्यस्य कर्मत्वेऽपि पृथङ्मृग इत्यस्य प्रातिपदिकस्य कर्मत्वाभावान्न द्वितीयेति चेत्, न। "अनभिहते" इत्यधिकारसूत्रप्रघट्टके अभिधानञ्च तिङ्कृत्तद्धित-समासैरित्येतत्परिगणनप्रत्याख्यानभाष्यरीत्या द्वितीयापत्तेः। तथाहि-

"कटं भीष्मं कुरु " इत्यादौ वाक्ये तु विशेष्यकटशब्दादुत्पन्नद्वितीयया कर्मत्वस्योक्ततया विशेषणीभूतभीष्मशब्दात् द्वितीया न स्यात्। अतः भाष्ये परिगणनं कृतम्। तत्प्रत्याख्यानञ्च सर्ववकाराणां साक्षात्स्वाश्रयद्वारा वा अरुणाधिकरणन्यायेन भावनान्वयस्वीकारात्। अत एव भाष्ये कटोऽपि कर्म भीष्मादयोऽपीति। तत्र कटनिष्ठकर्मत्वोक्तावपि भीष्मत्वादिगुणविशिष्ट-कर्मत्वानुक्तेस्तस्मात् द्वितीयेति तात्पर्यम्। उभयोः पश्चात् परस्परमन्वयस्तु विशेष्यविशेषणभावेन जायते। अयमेवान्वयः पार्ष्णिकः (पृष्णे भवः) इत्युच्यते।

एवमेवान्वयोऽधिकरणे- "अरुणया पिङ्गाक्ष्यैकहायन्या सोमं क्रीणाति" इत्यत्र क्रयणक्रियायां मीमांसकैः स्वीकृतः। तस्माद्धावति मृग इत्यत्र उभयोः कर्मत्वे धावतीत्यस्य प्रातिपदिकत्वाभावाद् विशेषणत्वेनान्यत्र निराकाङ्क्षत्वाच्च द्वितीयोत्पत्त्यभावेऽपि मृगशब्दात् द्वितीया दुर्वारैवेति।

शाब्दिकमते तु मृगशब्दस्य धावति क्रियाविशेषणत्वेनेतरार्थे दृशिक्रियायां निराकाङ्क्षत्वाद् मृगशब्दान्न द्वितीया। नैयायिकमते तु विशेष्यार्थवाचकात् मृगशब्दात् राज्ञः पुरुषमानय इतिवद् द्वितीया दुर्वारिति।

तथा च कर्तृप्रत्ययसमभिव्याहारे व्यापारस्य विशेष्यता, कर्मप्रत्ययसमभिव्याहारे च फलस्य विशेष्यता। "क्रियाप्रधानमाख्यातम्" इति यास्कोक्तौ क्रियापदं करणव्युत्पत्त्या व्यापारपरं, कर्मव्युत्पत्त्या फलपरमिति ज्ञेयम्। तेन रामः ग्रामं गच्छतीत्यत्र शाब्दबोधो जायते यत्- रामाभिन्नैककर्तृकः ग्रामभिन्नैककर्मकः उत्तरदेशसंयोगानुकूलो वर्तमानकालिको व्यापारः बोधो जायते। किञ्च रामेण ग्रामो गम्यते इत्यत्र रामाभिन्नैककर्तृकवर्तमानकालिकव्यापारजन्यो ग्रामाभिन्नैककर्मनिष्ठः संयोग इति बोधः।

एवम्प्रकारेण वक्तुं शक्यते यत्- "चैत्रः पचति" इत्यादौ शाब्दबोधे भावना विशेष्यको बोधो भवति, भावना च तिङर्थः इति मीमांसकाः मन्यन्ते। तत्र प्रथमान्तार्थविशेष्यकः शाब्दबोध इति नैयायिकाः स्वीक्रियन्ते। परञ्च धात्वर्थविशेष्यकः शाब्दबोध इति वैयाकरणा आमनन्ति। अत एव प्रथमान्तार्थमुख्यविशेष्यकशाब्दबोधं परित्यज्य व्यापारमुख्यविशेष्यकः शाब्दबोधोऽङ्गीक्रियते भाष्यतत्त्वविद्भिः वैयाकरणैरिति। इति शम्।।



**तथ्यसूत्राणि–**


1. वाक्यपदीयम्- ब्रह्मकाण्डम्
2. पा.सू. 3.4.69
3. यास्कप्रणीतनिरुक्तः -1.10 पा.1.1 खण्ड
4. परमलघुमञ्जूषा पृ. 366
5. व्युत्पत्तिवादः–प्रथमो खण्डः, पृ.07, वाणी विलास प्रकाशनम्, वाराणसी।
6. पा.सू. 2.3.1, पृ. 696, वै.सि. कौमुदी, चौखम्बा प्रकाशनम्, वाराणसी।
7. मी.द. 3 अध्यायः, 1 पादः, 6 अधि, 12 सूत्रम्


*सहायकाचार्यः, व्याकरणविभागः,*
*श्रीलालबहादुरशास्त्रीराष्ट्रियसंस्कृतविश्वविद्यालयः,*
*नवदेहली-110016*

# पाठ्यक्रमानन्तर भाषा

पर आधारित

# स्व-शिक्षण सामग्री



DELHI

SCERT

स्वाध्यायान्मा प्रमदः


## राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्

वरुण मार्ग, डिफेन्स कॉलोनी, नई दिल्ली-110024

# विषयसूची


| क्रम संख्या | अध्याय का नाम | लेखक/ लेखिका | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | भाषा का अर्थ, प्रकृति, विशेषताएं एवं भूमिका | श्रीमती भावना शर्मा | 1-17 |
| 2 | भाषायी कौशल | डॉ. मनीषा तनेजा<br>श्रीमती काव्या कनौजिया | 18-39 |
| 3 | जेंडर संवेदनशीलता और रिमझिम श्रृंखला | डॉ रमेश कुमार | 40-50 |
| 4 | पाणिनि वर्णोच्चारण | डॉ चंचल झा | 51-65 |
| 5 | स्फोट सिद्धान्त एवं ध्वनिविज्ञान | डॉ नरेश कुमार बैरवा | 66-84 |
| 6 | भाषा के सम्बन्ध में नीतियाँ और आयोग | श्री पवन कुमार मिश्रा | 85-109 |
| 7 | पाठ्यक्रमानन्तर भाषा | श्री संजय अहिरवार | 110-124 |
| 8 | पाठ्यक्रमानन्तर भाषा उपागम | डॉ नजमा चौधरी | 125-139 |
| 9 | भाषा सीखना तथा भाषा के माध्यम से सीखना | डॉ सुरेंद्र महतो | 140-154 |
| 10 | पाठ्यचर्या में साहित्य का प्रयोग | डॉ चेतन वेदिया | 155-165 |
| 11 | रस सिद्धान्त | डॉ प्रदीप कुमार झा | 166-174 |
| 12 | शब्द शक्ति | श्री बी. एन. दूबे | 175-190 |
| 13 | भाषा-अर्जन, भाषा-अधिगम और भाषा-कौशल | श्री रामगोपाल फगोड़िया | 191-207 |
| 14 | बहुभाषिकता | डॉ लक्ष्मी पाण्डे | 208-225 |
| 15 | विविधरुपिणी भाषा | श्री पवन कुमार मिश्रा | 226-243 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 16 | भाषा और विभाषाओं में सामाजिक व सांस्कृतिक विविधताएं | डॉ चेतन वेदिया | 244-256 |
| 17 | संप्रेषण | श्री पवन कुमार मिश्रा | 257-281 |
| 18 | निदानात्मक एवं उपचारात्मक शिक्षण, विद्यालय आधारित आकलन एवं भाषा अक्षमता | डॉ नरेश कुमार | 282-300 |
| 19 | भाषा में सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी | श्री आशु | 301-312 |

अध्याय - 5

# स्फोट सिद्धान्त एवं ध्वनिविज्ञान

(डॉ. नरेश कुमार बैरवा)*

## संरचना

5.1 अधिगम उद्देश्य -

5.2 परिचय -

5.2.1 स्फोट की पृष्ठभूमि

5.2.2 स्फोटय्नाचार्य का मत

5.2.3 महाभाष्य में स्फोट शब्द का प्रयोग

5.3 स्फोट

5.3.1 स्फोट की व्युत्पत्ति

5.3.2 स्फोट का इतिहास

5.3.2 स्फोट के प्रकार (भेदोपभेद)

5.3.2.1 वर्णस्फोट

5.3.2.2 पदस्फोट

5.3.3.2 वाक्यस्फोट

5.3.3.3 स्फोट में औपाधिक भेद

5.3.4 स्फोट और ध्वनि

5.3.4.1 स्फोट

5.3.4.2 ध्वनि

5.3.4.3 ध्वनि के भेद

---

* सहायकाचार्य, व्याकरणविभाग, वेद वेदांग पीठ, श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली

5.3.5 भर्तृहरि के मत में ध्वनि और स्फोट
5.4 ध्वनिविज्ञान
5.4.1 ध्वनि का स्वरूप
5.4.2 ध्वनि के भेद
5.5 ध्वनि और नाद
5.5.1 वैखरी और मध्यमनाद का प्रयोग
5.6 सारांश
5.7 शब्दावली
5.8 पाठ्य में प्रश्नों के उत्तर
5.9 स्व-मूल्यांकन प्रश्न
5.10 संदर्भ
5.11 सहायक/उपयोगी पाठ्य सामग्री

## 5.1 अधिगम उद्देश्य :–

पाठ के अध्ययन के उपरान्त शिक्षार्थीः –

- स्फोट के तत्व से अवगत हो सकेंगे।
- स्फोट के इतिहास तथा उसके भेदोपभेद (प्रकार) से परिचित हो सकेंगे।
- स्फोट और ध्वनि के मध्य सम्बन्ध को समझ सकेंगे।
- ध्वनि से स्फोट की प्रतीति कैसे होती है इस पर अपनी में समझ विकसित कर सकेंगे।
- ध्वनि के स्वरूप के विषय को समझ सकेंगे।
- ध्वनि और नाद के मध्य सम्बन्ध का वर्णन कर सकेंगे।

## 5.2 परिचय :–

जैसा कि छात्रों को संस्कृतभाषा का बोध है कि भाषा में शब्दों का प्रयोग किया जाता है। सभी भाषाओं का अपना-अपना व्याकरण होता है। ठीक उसी प्रकार संस्कृतभाषा का भी अपना व्याकरण है। व्याकरण में भी तीन पक्षों में विभक्त है – 1 प्रक्रिया पक्ष, 2 अष्टाध्यायी क्रम तथा 3 दार्शनिक पक्ष हैं।

दार्शनिक पक्ष के अन्तर्गत स्फोटसिद्धान्त का विचार किया गया है। संस्कृतव्याकरण दर्शन की दृष्टि से स्फोटतत्त्व का वैसा महत्त्व है जैसा कि न्यायशास्त्र में परमाणु व वेदान्त में ब्रह्मतत्त्व का महत्त्व है। वैयाकरणों का प्रमुख सिद्धान्त स्फोट को ही मानते है। अतः इसी को आधार मानकर निश्चित किया गया है। जब तक स्फोटतत्त्व का चिन्तन नहीं किया गया तब तक व्याकरणदर्शन की कल्पना ही नही की जा सकती है। इसी को हम स्फोटवाद के नाम से जानते है। स्फोटवाद का उद्भव कब हुआ इसको किन्हीं प्रमाणों के द्वारा सिद्ध कर सकते हैं।

### 5.2.1 स्फोट की पृष्ठभूमि-

यद्यपि वेद, ब्राह्मणग्रन्थ, प्रातिशाख्य आदि में स्फोट शब्द का उल्लेख नहीं प्राप्त होता है, न ही इस प्रकार के सिद्धान्त का परिचय मिलता है जिससे हम "स्फोटवाद " की कल्पना कर सकें। इतना बता सकते है जैसा कि ऋग्वेद में चार मन्त्रों का उल्लेख व्याकरण की प्रशंसा उसके स्वरूप वर्णन या वाणी के माहात्म्य की दृष्टि से महर्षि पतञ्जलि ने महाभाष्य में उल्लेख किया है। उनको यदि स्फोटवाद जैसे सिद्धान्त का उद्बोधक माना जाय तो अनुचित नही होगा। आचार्य नागेश भट्ट ने परा, पश्यन्ती, मध्यमा व वैखरी चतुर्विध वाक् का सम्बन्ध स्फोट से जोड़ने का सफल प्रयास किया गया है। जैसा कि महाभाष्य में बताया गया है-

1. चत्वारि श्रृंगा ............। ऋग्वेद 4/58/2
2. चत्वारि वाक्परिमिता पदानि- ऋग्वेद 1/164/45
3. उत त्व पश्यन्न ददर्श – ऋग्वेद 10/71/4
4. सक्तुमिव तितउना पुनन्तो .....। ऋग्वेद 10/71/4

आदि मन्त्रों में चत्वारि पद का अर्थ परा, पश्यन्ती आदि चतुर्विधत्व परक स्वीकार किया है। वाणी के इन मन्त्रों में निश्चित रूप से शब्दतत्त्व का व्यावहारिक एवं दार्शनिक स्वरूप प्रतिपादित किया गया है।

### 5.2.2 स्फोटायनाचार्य का मत-

पाणिनीय अष्टाध्यायी के षष्ठाध्याय में एक सूत्र है "अवङ्स्फोटायनस्य " 6/1/123 जिसका अर्थ है अचि परतो गोः स्फोटायनस्य आचार्यस्य मते अवङादेशो भवति। अर्थात् आचार्य स्फोटायन के मत में अच् परे होने पर गो शब्द के ओकार को अवङ् आदेश होता है। इससे स्पष्ट होता है कि स्फोटायन किसी आचार्य का नाम है। काशिका के व्याख्याकार पदमंजरीकार हरदत्त ने स्फोटायन आचार्य को स्फोट सिद्धान्त का

जनक माना है। आचार्य नागेश भट्ट भी इन्हीं को ही स्फोटतत्त्व का प्रवर्तक मानते हैं, इन्होंने स्फोटवाद ग्रन्थ में प्रतिपादित किया है।

**5.2.3 महाभाष्य में स्फोट शब्द का प्रयोग –**

महाभाष्य में स्फोटसिद्धान्त का संकेत दो बार किया गया है जिससे स्फोटवाद की पुष्टि की जा सकती है।

सर्वप्रथम उन्होंने प्रत्याहार सूत्र ऐऔच् पर कहा - " अथवा उभयतः स्फोटमात्रं निर्दिश्यते – रश्रुतेर्लश्रुतिर्भवतीति" अर्थात् "कृपो रो लः" इस पाणिनीय सूत्र में दोनों स्थानी र और आदेश ल में जाति स्फोट र,ल का निर्देश किया है। दूसरा "तपरस्तत्कालस्य " सूत्र के भाष्य में बताया गया है।

## 5.3 स्फोट : –

**5.3.1 स्फोट की व्युत्पत्ति –**

स्फोट शब्द की व्युत्पत्ति बताते हुए शब्दकौस्तुभग्रन्थ में भट्टोजिदीक्षित ने कहा कि जिससे अर्थ स्फुटित होता है अर्थात् विकसित या व्यक्त होता है वह स्फोट कहलाता है। इसी प्रकार की व्युत्पत्तियाँ अपने ग्रन्थों में दी है। इस प्रकार इन सभी के अनुसार स्फोट शब्द यौगिक परक माना जाता है। धातुपाठ में "स्फुट विकसने" धातु भ्वादिगण और तुदादिगण दोनों गणों में उपलब्ध है।

"स्फुटति प्रकाशते व्यक्तिभवति अर्थोऽस्मात् इति स्फोटः " अर्थात् स्फोट रूपी शब्द स्वयं वाचक है, इस तरह का कारण रूप बोध होता है।

"स्फुट्यते अभिव्यज्यते वर्णैः ध्वनिना वा" इस व्युत्पत्ति के अनुसार जो वर्णों अथवा ध्वनियों द्वारा स्फुटित, विकसित या अभिव्यक्त होता है, वह शब्द स्फोट है। इस प्रकार का उसका कार्य रूप प्रतीत होता है। इन व्युत्पत्तियों को जन्यजनकभाव भी द्योतित होता है।


**5.3.2 स्फोट के प्रकार (भेदोपभेद) –**

व्याकरणशास्त्र में आठ प्रकार के स्फोटों का वर्ण किया गया है। यद्यपि स्फोट, अविभाज्य अक्रम, एक नित्य एवं विभु है तथापि वर्ण, पद, वाक्यों में क्रमशः उसकी प्रतीति होने कारण तथा प्राकृत और वैकृत ध्वनियों की कल्पना के कारण उसके काल्पनिक भेद भी कियें जाते हैं। सर्वप्रथम आचार्य दीक्षित ने शब्दकौस्तुभ नामक ग्रन्थ में स्पष्ट रूप से स्फोट के भेदों का उल्लेख किया है। उनके अनुसार स्फोट

व्यक्ति और जाति दोनों रूपों में देखने पर उसके आठ भेद हो सकते हैं। व्यक्ति स्फोट के अन्तर्गत उन्होंने पाँच और जाति स्फोट में तीन भेदों को रखा है। पाँच प्रकार के व्यक्ति स्फोटों में वर्ण, पद और वाक्य को जाति मानकर उसको तीन भेदों में बांटा है। व्यक्ति और जाति दोनों को ही पदार्थ मानकर पाणिनि ने सूत्रों की रचना की है।

अतः स्फोट मुख्यतः आठ प्रकार के होते है – वर्ण, पद और वाक्य। तथा जाति और व्यक्ति भेद से छः होते है। पुनः सखण्ड और अखण्ड भेद से आठ प्रकार के स्फोट होते है। इनका वर्गीकरण इस प्रकार देख सकते हैं-

स्फोट मुख्यतः तीन होते हैं – वर्ण, पद और वाक्य।




व्यक्ति भेद से स्फोट पाँच होते हैं-




जाति भेद से स्फोट तीन होते है-




**5.3.2.1 वर्णस्फोट –**

प्रत्येक वाक्य में पद और पद में वर्णों की सत्ता होने के कारण वर्णस्फोट का प्राथमिक महत्त्व है। स्फोट भेदों मुख्य तो वाक्यस्फोट ही है क्योंकि उसी से संसार में अर्थ समाप्ति देखी जाती है अर्थात् वाक्य के द्वारा ही किसी अर्थ की वास्तविक अभिव्यक्ति होती है। कहीं-कहीं पद में भी वाचकता हो सकती है परन्तु वर्ण में वाचकता नहीं हो सकती, वर्ण तो मात्र शास्त्र प्रक्रिया के निर्वाहक है अर्थात् प्रकृति-प्रत्यय आदि तत्तत् सम्बन्धी अर्थ के वाचक होते हैं। किस प्रकृति के साथ कौन सा प्रत्यय जुड़कर कौन सा पद

निष्पन्न होता है, इस प्रकार की कल्पना कर शास्त्रप्रक्रिया का निर्वाह वर्णों के द्वारा किया जाता है। जिसमें उपसर्ग, निपात, धातु आदि का विभाग (प्रकृति, शप् आदि विकरण गाङ् आदि आदेश) आदि कार्य काल्पनिक होते हैं।

वर्ण स्फोट को दो भागों में बांटा गया है। वर्ण व्यक्तिस्फोट और वर्णजातिस्फोट। जैसे- पचति इत्यादि प्रयोग में प्रकृति और प्रत्यय (पच्+शप्+ति) से अलग अलग अर्थ की प्रतीति को ध्यान में रखते हुए वर्णस्फोट की कल्पना की जाती है। क्योंकि प्रकृति-प्रत्यय में कत्व गत्व आदि के सामान्य रूप से विद्यमान जाति द्वारा बोध मानकर के वर्णजाति की कल्पना की गई है। जाति व्यक्ति भेद से स्फोट की कल्पना की जाती है। ये दोनों भेद पदार्थों में व्यक्ति और जाति दोनों की सत्ता मानकर की गई है।

वर्णस्फोट में अखण्ड और सखण्ड की कल्पना नहीं की जा सकती क्योंकि प्रकृति या प्रत्यय एक वर्ण के हों या अनेक वर्णों के उनके अवयवों का विभाग नही किया जा सकता है। जैसे – पच् धातु के प्+अ, और च् को अलग-अलग नहीं किया जा सकता, क्योंकि ऐसा करने पर पच् धातु के अर्थ की प्रतीति नही हो पा सकती है। इसी तरह ण्वुल् प्रत्यय के वु के स्थान पर हुए अक आदेश में अ और क को अलग नहीं किया जा सकता। या अ और क का कोई अर्थ नही निकलेगा। अर्थात् इनसे प्रत्ययार्थ का बोध नहीं हो सकेगा।

### 5.3.3.2 पदस्फोट-

वर्णों के समूह को पद कहते हैं। पाणिनि सूत्र "सुप्तिङन्तं पदम्" सूत्र के निर्देश सुबन्त और तिङन्त को पद कहा गया है। क्योंकि वर्णों के समूह में अर्थात् पदों में प्रातिपदिकत्व आदि होने से पद में अर्थ बोध का सामर्थ्य होता है । जैसे – पचति, गच्छति, गौः, अश्वः आदि पद का अर्थ ज्ञान करवाने में समर्थ है उनके अलग-अलग वर्णों के अर्थात् प्रकृति-प्रत्यय आदि की स्फोट की दृष्टि से सत्ता नहीं होती है। समर्थानां प्रथमाद्वा के भाष्य में बताया गया है कि पद को ही अर्थ बोध में समर्थ माना है क्योंकि वर्णस्फोट की चर्चा शास्त्रों में की है तथा उसे शास्त्र प्रक्रिया का निर्वाहक मात्र के लिये उपयोगी मानते हुए पद के द्वारा ही लोक में अर्थ बोध होता है।

पदस्फोट को भी व्यक्ति पदार्थ की दृष्टि से तथा जाति पदार्थ की दृष्टि से मानते हुए अखण्ड और सखण्ड रूप में स्वीकार करते हैं। अखण्ड और सखण्ड भेद व्यक्तिस्फोट की दृष्टि से ही हो सकते हैं जाति के अखण्ड अर्थात् अविभाज्य होने के कारण उसके भेद नहीं हो सकते। इस तरह पद स्फोट व्यक्तिस्फोट

अखण्ड और सखण्ड की दृष्टि से दो प्रकार का तथा पद जातिस्फोट की दृष्टि से एक प्रकार का कुल तीन प्रकार का कल्पित किया गया है।

### 5.3.3.2 वाक्यस्फोट-

वाक्यस्फोट ही अर्थ का बोधक होता है अर्थात् अर्थ की परिसमाप्ति वाक्य में ही होती है, वर्ण या पद में नही। जैसे- रामः गृहं गच्छति इत्यादि वाक्य में पदों की अलग सत्ता न मान कर वाक्य रूप में ही उनकी सत्ता मानकर वाक्यस्फोट की कल्पना की जाती है। इस वाक्यस्फोट को भी व्यक्ति, जाति पदार्थ भेद से वाक्यव्यक्ति स्फोट के अखण्ड और सखण्ड भेद से दो भेद मान कर कुल तीन भेद माने गये हैं। अतः वाक्यस्फोट ही प्रधान होता है, क्योंकि वाक्य से ही अर्थ का बोध हो सकता है। यद्यपि पद में वर्ण और वाक्य में पद मिले हुए होते हैं अर्थात् बिना वर्ण और पदों के वाक्य की सत्ता नही हो सकती हैं तथापि स्फोट की दृष्टि से या अर्थ की दृष्टि से इनमें एकत्व देखने की दृष्टि से वाक्य स्फोट को प्रधान रूप से स्वीकार किया जाता है। क्योंकि वाक्यस्फोट द्वारा ही अर्थबोध होता है।

### 5.3.3.3 स्फोट में औपाधिक भेद –

जिन्होंने स्फोट का वर्णन किया है उन्होंने स्फोट को अविभाज्य, अखण्ड रूप में ही स्वीकार किया है। लेकिन आचार्य नागेश ने भी उसी परम्परा से स्फोट को एक और अखण्ड मानते हुए उसमें औपाधिक भेद से वर्ण, पद और वाक्य भेदों का प्रतिपादन किया हैं। इनके मत में स्फोट एक और अखण्ड है फिर भी वह उपाधि भेद से भिन्न-भिन्न रूपों वाला तथा भिन्न-भिन्न आकारों वाला प्रतीत होता है। जैसे- स्फटिक मणि लाल, पीले आदि जपा कुसुम के सम्पर्क से वैसा ही भासित होता है जैसा कुसुम का रंग होता है। अथवा जिस प्रकार मणि, तलवार और दर्पण में मुख की आकृति छोटी, लम्बी या गोल दिखाई देती है, जबकि उसका वास्तविक स्वरूप एक सा ही प्रतीत होता है। भिन्न-भिन्न उपाधियों या आधारों के कारण मुख भी भिन्न-भिन्न आकार वाला दिखाई देता है,उसी प्रकार स्फोट तत्त्व भी वर्ण, पद और वाक्य रूप में अलग-अलग भासित होता है।

## 5.3.4 स्फोट और ध्वनि–

5.3.4.1 **स्फोट** - जैसा कि आप सभी जानते है कि स्फोट पदार्थ के अर्थ को प्रकाशित करने का कार्य करता है। अर्थात् स्फोट के द्वारा ही अर्थावबोध होता है। आठ प्रकार के स्फोट माने जाते हैं उनमें से वाक्य स्फोट ही प्रधान होता है। यतोहि वाक्यस्फोट से ही अर्थ का बोध हो सकता है।

**5.3.4.2** **ध्वनि-** स्फोट प्रसंग में ध्वनि का विशेष महत्त्व माना जाता है। शब्द और ध्वनि को भेद और अभेद दोनों दृष्टियों से देखा जा सकता है। जब ध्वनि के द्वारा स्फोट रूपी शब्द अभिव्यक्त होता है तब ध्वनि और शब्द में भेद दिखाई देता है और जब ध्वनि ही स्वयं शब्द के रूप में प्रस्फुटित होती है तब शब्द और ध्वनि में अभेद की प्रतीति होती है। ध्वनि शब्द की व्युत्पत्ति संस्कृत की ध्वन् धातु से औणादिक इ प्रत्यय लगाकर के ध्वनि शब्द निष्पादित होता है जो उच्चारित होता है वह ध्वनि या शब्द होता है।

**5.3.4.3** **ध्वनि के भेद –**

मुख्यत: ध्वनि के दो भेद माने जाते हैं –

1. प्राकृत ध्वनि और 2. वैकृतध्वनि

1.3.4.3.1 प्राकृतध्वनि- यह ध्वनि स्फोट की व्यंजक ध्वनि होती है। यह प्राकृत ध्वनि अर्थ बोध की इच्छा या स्वभाव से स्फोट की व्यंजक होती है।

1.3.4.3.2 वैकृतध्वनि- वैकृतध्वनि प्राकृतध्वनि की विकृति के समान होती है। अर्थात् यह ध्वनि वैकृत ध्वनि से उत्पन्न होने वाली है जो विभिन्न स्वरूपों को धारण करने वाली तथा बहुत देर तक रहने वाली होती है।

**5.3.5 भर्तृहरि के मत में स्फोट और ध्वनि –**

भर्तृहरि के अनुसार स्फोट के विषय में तीन मत दिये गए है- जिसमें एक मत है कि ध्वनियों से इन्द्रिय (श्रोत्र-कान) में ही संस्कार (शब्दग्रहण योग्यता) उत्पन्न होती है। दूसरे मत में ध्वनियों से शब्द में संस्कार होता है, जिससे श्रोत्र का विषय बनता है। तीसरे मत में ध्वनियों से शब्द और इन्द्रिय दोनों में संस्कार होता है।

यदि हम स्फोट के लक्षणों पर ध्यान दे तो निम्नलक्षणों की प्राप्ति होती हैं, जो इस प्रकार हैं-

1. यह बुद्धिस्थ होता है।
2. यह अरणि में छुपे हुए तेजस् के समान होता है।
3. यह ध्वनि व्यङ्ग्य होता है।

4. यह अक्रम होता है।
5. यह ध्वनियों में प्रतिबिम्ब की तरह भासमान होता है।
6. यह एक ऐसी बुद्ध्यवस्था है, जो समस्त प्रत्याय्य को उसी प्रकार अपने समेटे रखती है, जिस अण्डे में पक्षी सिमटा रहता है।
7. यह कालभेदरहित होता है।
8. यह अध्वनिक होता है।
9. यह अविकार होता है, इसमें उपचय अपचय नहीं होता है।
10. स्फुटत्यर्थोऽनेन सः स्फोटः इस व्युत्पत्ति के अनुसार यह अर्थ का प्रकाशक भी होता है।

भर्तृहरि कहते है कि स्फोट और ध्वनि में व्यंग्य-व्यंजक भाव होता है। क्योंकि बिना स्फोट के ध्वनि उत्पन्न नहीं हो सकती। ध्वनि के द्वारा शब्द का ग्रहण होता है, शब्द पहले बुद्धि में आकर उसके अर्थ को निश्चित करता है, तत्पश्चात् विभिन्न उच्चारण स्थानों के माध्यम से कत्व,खत्वादि ध्वनियों से अभिव्यक्त होता है।

### क्रियाकलाप - 1

आप अपनी पाठ्यपुस्तक को पढ़कर स्फोट और ध्वनि के विषय में विचार करें।

## आओ जाँचें

1. वेद, ब्राह्मणग्रन्थ, प्रातिशाख्यों में उल्लेख मिलता है।
   (सत्य/असत्य)
2. स्फोटसिद्धान्त का जनक माना जाता है ?
   (1) पाणिनि
   (2) पतञ्जलि
   (3) स्फोटायन
   (4) बृहस्पति

3. "अथवा उभयतः स्फोटमात्रं निर्दिश्यते- रश्रुतेर्लश्रुतिर्भवति" यह पंक्ति कहा की है
   (1) वेदभाष्यम्
   (2) श्रीभाष्यम्
   (3) महाभाष्यम्
   (4) सायणभाष्यम्
4. स्फोट शब्द की व्युत्पत्ति किस ग्रन्थ में बतायी गई है?
5. स्फुटति प्रकाशते व्यक्तिभवति अर्थोऽस्माद् इति को कहते है ?
   (1) स्फोट
   (2) ध्वनि
   (3) लक्षणा
   (4) व्यंजना
6. स्फोट के आठ प्रकार होते है। (सत्य/असत्य)

## 5.4 ध्वनिविज्ञानः-

### 5.4.1 ध्वनि का स्वरूप –

ध्वनि से तात्पर्य है आवाज। जब हम किसी शब्द का उच्चारण करते है तब ध्वनि उत्पन्न होती है। बिना ध्वनि के किसी भी शब्द का बोध नहीं हो सकता है। स्वानिकी या स्वनविज्ञान (Phonetics), भाषा विज्ञान की वह शाखा है जिसके अंतर्गत मानव द्वारा बोली जाने वाली ध्वनियों का अध्ययन किया जाता है। यह बोली जाने वाली ध्वनियों के भौतिक गुण, उनके शारीरिक उत्पादन, श्रवण ग्रहण और तंत्रिका-शारीरिक बोध की प्रक्रियाओं से संबंधित है।

ध्वनि (स्वन) के अध्ययन से सम्बद्ध शास्त्र या विज्ञान के लिए अंग्रेजी में मुख्यतः फ़ोनेटिक्स( Phonetics, Phonology) ये दो शब्द प्रचलित हैं। जिससे स्पष्ट होता है कि इन दोनों शब्दों का सम्बन्ध ग्रीक भाषा के शब्द Phone से है, जिसका अर्थ ध्वनि है। टिक्स और लॉजी प्रयोगतः विज्ञान के समानार्थी शब्द हैं। इस प्रकार दोनों एक प्रकार से ध्वनि विज्ञान हैं, किन्तु प्रयोग की दृष्टि से इनमें थोडा अन्तर है। फ़ोनेटिक्स

में हम सामान्य रूप से ध्वनि की परिभाषा, भाषाध्वनि, ध्वनियों के उत्पन्न करने के अंग, ध्वनियों का वर्गीकरण और उनका स्वरूप, उनकी लहरों का किसी के मुंह से चलकर किसी के कान तक जाना तथा सुना जाना एवं उनमें विकार आदि बातों पर विचार करते हैं। साथ ही भाषा विशेष की ध्वनियाँ, उनका उच्चारण तथा वर्गीकरण आदि इसी के अन्तर्गत आता है।

फ़ोनोलॉजी में भाषा विशेष की ध्वनियों की व्यवस्था, इतिहास तथा परिवर्तन आदि का अध्ययन किया जाता है।

संस्कृत में ध्वनिविज्ञान का पुराना नाम शिक्षाशास्त्र था। हिन्दी में इस प्रसंग में फ़ोनेटिक्स के लिए मुख्यतः ध्वनिविज्ञान, ध्वनिशास्त्र अथवा स्वनविज्ञान आदि तथा फ़ोनॉलॉजी के लिए ध्वनि-प्रक्रिया, स्वन-प्रक्रिया या स्वनिमविज्ञान आदि नाम प्रयुक्त किये जा रहे हैं। एकरूपता की दृष्टि से फ़ोनेटिक्स के लिए ध्वनिविज्ञान या स्वनविज्ञान और फ़ोनॉलॉजी के लिए ध्वनिप्रक्रिया, स्वनप्रक्रिया या स्वनिमविज्ञान का प्रयोग किया जा सकता है।

### 5.4.2 अध्ययन के आधार पर ध्वनि का वर्गीकरण (भेद) –

अध्ययन के आधार पर इसके तीन भेद हैं – उच्चारण, प्रसरण या संवहन तथा श्रवण। इन्हीं को आधार मान कर ध्वनिविज्ञान की प्रमुख रूप से तीन शाखाएं –

- **औच्चारणिक ध्वनिविज्ञान ( Articulatory Phonetics) :-** जिसमें उच्चारण और उससे सम्बद्ध बातों का अध्ययन किया जाता हैं।
- **सांवहनिक या प्रासरणिक ध्वनिज्ञान (Acoustics Phonetics) :-** जिसमें उच्चारण के फलस्वरूप बनने वाली ध्वनि लहरों का अध्ययन किया जाता है। इस अध्ययन में प्रायः काइमोग्राफ़, स्पेक्ट्राग्राफ़, ऑसिलोग्राफ़ आदि यन्त्रों की सहायता ली जाती है।
- **श्रावणिक ध्वनिविज्ञान (Auditory) :- इसमें ध्वनियों के सुने जाने का अध्ययन होता है।**

अतः ध्यातव्य है कि पहली शाखा का सम्बन्ध बोलने वाले से है, तीसरी का सुनने वाले से और दूसरी का ध्वनियों की वाहिनी तरंगों , उनके स्वरूप तथा गति आदि से, अर्थात् दोनों शाखाओं के मध्य की स्थिति से है।

## 5.5 ध्वनि और नाद –

यदि हम शास्त्रीय ध्वनियों तथा नाद के विषय में बात करें तो वाक्यपदीय में वर्णित ध्वनि और नाद शब्दों का समान अर्थ में प्रयोग हुआ है। जैसा कि वृषभदेव ने कहा है कि इनमें अन्तर केवल यह बताता है कि नाद ध्वनि का विवर्त है। यदि हम दूसरे शब्दों में कहे तो प्राकृत ध्वनि और वैकृत ध्वनि को नाद शब्द से प्रकट करते हैं। इन दोनों ध्वनियों के विषय ऊपर वर्णित किया जा चुका है। ध्वनि ह्रस्व, दीर्घ आदि व्यवस्था की हेतु है और नाद द्रुता मध्यमा आदि वृत्ति भेदों में व्यवस्था स्थापित करता है।

वाक्यपदीयकार भर्तृहरि ने प्राकृतनाद और वैकृतनाद शब्दों का भी व्यवहार किया है। द्रव्याभिघात से ताल्वादि स्थान में जिह्वादि के अभिघात से कम्पन पैदा होता है। कम्पन के बाद नाद पैदा होता है। अभिघात कृत वायु के स्पन्दन को कम्पन कहते हैं। कुछ मनीषि मानते हैं कि जिस प्रकार ज्वाला से ज्वाला पैदा होती है उसी प्रकार स्फोट से ध्वनियाँ पैदा होती हैं।

कम्पन से उत्पन्न शब्द के समानकालिक ध्वनियाँ स्फोट का संस्कार करती है। उनके बाद प्रकाशित होने वाली उनके अनुषंग से भाषित होने वाली ध्वनियों को नाद कहते हैं। भर्तृहरि के मत में नाद और ध्वनि दोनों से बुद्धि में शब्द का अवधारण होता है।

### 5.5.1 वैखरी और मध्यमानाद का प्रयोग –

नागेशभट्ट ने परमलघुमञ्जूषा में वैखरी और मध्यमा नाद का स्वरूप प्रतिपादन करने के लिए एक कारिका में बताया गया है कि वैखरी द्वारा उत्पन्न नाद दूसरे  द्वारा सुनने की प्रवृत्ति वाला है, तथा मध्यमा द्वारा उत्पन्न नाद, स्फोट का व्यंजक कहा जाता है। उनका कहना है कि मध्यमा और वैखरी दोनों वाणियों द्वारा एक साथ ही नाद उत्पन्न होता है। मध्यमा वाक् द्वारा उत्पन्न नाद का अर्थ के वाचक स्फोटात्मक शब्द का व्यंजक होता है। क्योंकि मध्यमा नाद के द्वारा ही अर्थ के वाचक स्फोट की अभिव्यंजक रूप प्रक्रिया के हो जाने के बाद वैखरी नाद, जो कि सभी मनुष्यों द्वारा श्रवण योग्य होता है वह भेरी, मृदंग आदि के समान व्यर्थ हो जाता है।

आचार्य नागेश ने मध्यमानाद द्वारा व्यंग्य शब्द को स्फोट तथा उसे ही शब्दब्रह्म रूप मानते हैं। यह मध्यमानाद परश्रवण योग्य न होकर कर्णादि बन्द करके जपादि सूक्ष्मतर वायु द्वारा व्यंग्य होकर शब्दब्रह्म और स्फोट को अभिव्यक्त करता है। जैसा कि वाक्यपदीयम् की प्रथम कारिका में वर्णित है

नागेशभट्ट के अनुसार किसी ने घटमानय अर्थात् घड़ा लाओं इस प्रकार के वैखरी नाद का प्रयोग अर्थात् शब्द का उच्चारण किया, उसको किसी दूसरे ने श्रवणेन्द्रिय से ग्रहण किया। अर्थात् वह वैखरी नाद इन्द्रिय द्वारा बुद्धि और हृदय में पहुँचकर अर्थबोधक शब्द को अपने कत्वादि द्वारा अभिव्यक्त करता है, तब उससे अर्थबोध होता है और इसी कारण स्फुटित होता है अर्थ जिससे वह स्फोट होता है। इस प्रकार की व्युत्पत्ति की जाती है।

अर्थात् वक्ता के अन्दर मध्यमा और वैखरी नाद एक साथ उत्पन्न होता है। वैखरी का नाद मध्यमा के नाद को इसी प्रकार बढ़ाने वाला होता है, जिस प्रकार फूँकनी से फूँक द्वारा आग को बढ़ाया जाता है। वक्ता को श्रोता की अपेक्षा शीघ्र अर्थबोध होता है क्योंकि उसके अन्दर दोनों नाद एक साथ उत्पन्न होते हैं जबकि श्रोता के अन्दर वैखरी नाद श्रवणेन्द्रिय द्वारा पहुँचता है तब वह मध्यमा नाद को उत्साहित करके अर्थ का बोध कर पाता है। यदि श्रोता को विलम्ब से बोध होता है ऐसा अनुभवसिद्ध होता है।

### क्रियाकलाप - 3

आप अपने आस पास के वातावरण में ध्वनि उत्पन्न करने वाले साधनों की सारणी बनाएं।

## आओ जाँचें

11. नाद ध्वनि का विवर्त है। (सत्य/असत्य)
12. ............... ह्रस्व, दीर्घ आदि व्यवस्था की हेतु है। (ध्वनि/नाद)
13. वाक्यपदीयकार भर्तृहरि ने किन दों नादों का शब्दों में व्यवहार किया है ?
14. स्फोट का व्यंजक कहा गया है –
    (क) ध्वनि (ख) नाद (ग) वैखरी (घ) मध्यमा
15. वैखरी नाद इन्द्रिय द्वारा बुद्धि और हृदय में पहुँचकर अर्थबोधक शब्द को अपने कत्वादि द्वारा अभिव्यक्त करता है। (सत्य/असत्य)

## 5.6 सारांश

इस पाठ में स्फोट और ध्वनिविज्ञान के विषय में बताया गया हैं। स्फोट क्या है, इसके कितने भेद हैं तथा शास्त्रीय ध्वनियाँ प्राकृत और वैकृत ध्वनि का प्रतिपादन किया गया है। स्फोट और ध्वनि के सम्बन्ध

को स्थापित किया गया और आठ प्रकार के स्फोटों की चर्चा की गई है. इनमें से वाक्यस्फोट को मुख्य माना जाता है।

ध्वनिविज्ञान में आधुनिक विद्वानों द्वारा ध्वनिविज्ञान को परिभाषित किया गया है। ध्वनि का स्वरूप तथा उसके भेदों को वर्णित किया गया है। ध्वनि और नाद के विषय में बताया गया है।

## 5.7 शब्दावली

- **स्फोट-** स्फोट का अर्थ प्रकाशित होना, विकसित होना होता है।
- **ध्वनि-** ध्वनि से तात्पर्य है आवाज से है। शब्दों में ध्वनि छिपी होती है, इसको कम्पन भी कहते है।
- **नाद-** शरीर के भीतर की वायु का स्वरतन्त्री को झंकृत कर बाहर आना ही नाद है।
- **फ़ोनोलॉजी-** इसमें भाषा विशेष ध्वनियों की व्यवस्था, इतिहास और ध्वनि परिवर्तन आदि का अध्ययन किया जाता है। इसके लिए अनेक शब्दों को पर्याय रूप में रखते हैं। जैसे- ध्वनप्रक्रिया, स्वन-प्रक्रिया, ध्वनिशास्त्र या ध्वनिविज्ञान आदि।
- **सांवहनिक-** इस शब्द का अर्थ है – उच्चारण के फलस्वरूप बनने वाली ध्वनि लहरों का अध्ययन किया जाना।

## 5.8 पाठ्य में प्रश्नों के उत्तर

1. सत्य
2. (ग) स्फोटायन
3. (ग) महाभाष्यम्
4. शब्दकौस्तुभ में
5. स्फोट
6. सत्य
7. सत्य
8. (ग) शिक्षाशास्त्र
9. (ग) 3

10. 22
11. सत्य
12. ध्वनि
13. प्राकृतनाद और वैकृतनाद
14. (क) ध्वनि

## 5.9 स्व-मूल्यांकन प्रश्न

1. स्फोट क्या है ? उसके भेदों का वर्णन करें।
2. स्फोट और ध्वनि के सम्बन्ध को प्रतिपादिन करें।
3. स्फोट और ध्वनि के विषय में भर्तृहरि के अभिमत का प्रतिपादन करें।
4. "स्फोटों में वाक्यस्फोट ही मुख्य है।" इस कथन का प्रतिपादन करें।
5. ध्वनिविज्ञान से आप क्या समझते हैं ? वर्णन करें।
6. ध्वनि का स्वरूप क्या है ? उसके अध्ययन के आधार पर तद्भेदों का वर्णन करें।

## 5.10 संदर्भ


- Coward, H. G. (1980). The Sphota Theory of Language: A Philosophical Analysis. Motilal Banarsidass. Retrieved 2 19, 2023, from https://books.google.com/books?id=wEUNRgQ1VOYC&pg=PA17
- कौण्डभट्ट. (2005). वैयाकरणभूषणसार. वाराणसी: चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन.
- चन्द, डॉ. प्रकाश. (2010). नागेशभट्ट का व्याकरण-दर्शन-चिन्तन (परमलघुमञ्जूष के सन्दर्भ में). जयपुर: हंसा प्रकाशन.
- झा, परमान्द. (2022). लघुमञ्जूषा और अर्थविज्ञान. दिल्ली: न्यू भारतीय बुक कार्पोरेशन.
- तिवारी, डॉ. भोलानाथ. (2019). भाषा विज्ञान. नई दिल्ली: किताब महल पब्लिशर्स.
- शर्मा, प्रो. डी.डी. (2006). संस्कृतभाषा का इतिहास. वाराणसी: चौखम्बा प्रकाशन.


## 5.11 सहायक/उपयोगी पाठ्य सामग्री

- Coward, H. G. (1980). The Sphota Theory of Language: A Philosophical Analysis. Motilal Banarsidass. Retrieved 2 19, 2023, from https://books.google.com/books?id=wEUNRgQ1VOYC&pg=PA17
- कौण्डभट्ट. (2005). वैयाकरणभूषणसार चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन वाराणसी:
- चन्द, ड. प. (2010). नागेशभट्ट का व्याकरण-दर्शन-चिन्तन (परमलघुमञ्जूष के सन्दर्भ में) हंसा प्रकाशन जयपुर:
- झा, प. (2022). लघुमञ्जूषा और अर्थविज्ञान न्यू भारतीय बुक कार्पोरेशन दिल्ली:
- तिवारी, ड. भ. (2019). भाषा विज्ञान किताब महल पब्लिशर्स नई दिल्ली:
- शर्मा, प. ड. (2006). संस्कृतभाषा का इतिहास चौखम्बा प्रकाशन वाराणसी:
- सूर्यनारायणशुक्लः. (2001). अनादिनिधनं ब्रह्म शब्दतत्त्वं यदक्षरम् इति प्रतिपादितम्. In वाक्यपदीयम् - ब्रह्मकाण्डम् (pp. 10-12) चौखम्बा पुस्तकालयः वाराणसी:

ISBN : 978-81-971630-7-4

स्वाध्यायान्मा प्रमदः

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्
वरुण मार्ग, डिफेन्स कॉलोनी, नई दिल्ली-110024